Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to provide a stoppage point of Rajdhani Express running from Mumbai to Delhi at Vapi station.

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले देश के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी और रेल मंत्री माननीय पीयूष गोयल जी का धन्यवाद करना चाहता हूँ, रेलवे के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण और ऐतिहासिक काम किए गए हैं।

मुम्बई से चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस दिल्ली तक आती है। यह ट्रेन वहाँ से चलकर महाराष्ट्र के बोरीवली में रुकती है और बोरीवली से चलकर सीधे सूरत में रुकती है। बोरीवली से सूरत के बीच लगभग 275 किलोमीटर का अंतर है। इसके बीच में कोई स्टॉपेज नहीं है, इसके कारण मेरा एरिया दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव, साउथ गुजरात का बलसाड़, पूर्व महाराष्ट्र के लोग इतनी अच्छी ट्रेन की सुविधा से वंचित हो जाते हैं। जो मेरा एरिया है, जैसा कि मैंने अभी कहा, वह सबसे बड़ा इंस्ट्रियल एस्टेट है। दादरा और नागर हवेली एशिया में सबसे बड़ा क्षेत्र है। ऐसी जगह पर स्टॉपेज न मिलने के कारण हमारे लोगों को और वहाँ पर जितनी भी इंडस्ट्रीज हैं, सभी को इससे भारी नुकसान हो रहा है।

इसलिए आपके माध्यम से भारत सरकार से, खासकर रेल मंत्रालय से और माननीय रेलवे मंत्री जी से विनती है, इसके बीच में वापी स्टेशन है, अगर अंतर के हिसाब से भी देखा जाए, तो यह बिल्कुल वायेबल है और यात्रियों के हिसाब से भी देखा जाए, तो यह वायेबल है, इसलिए वापी स्टेशन पर इस राजधानी एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री मलूक नागर और श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।